**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय विदिशा म.प्र**

फा.न.86--III /PLV/2025 विदिशा दिनांक 27.09.2025

## सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा म.प्र. द्वारा नालसा– पैरालीगल वालेन्टियर्स (पुनरीक्षित) योजना अंतर्गत विधिक सहायता एवं सलाह, विधिक साक्षरता शिविरों, लोक अदालतों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा), राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार व कियान्वयन तथा समय–समय पर माननीय म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों व शर्तो/उपबंधों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा एवं तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा/सिरोंज/लटेरी/ कुरवाई में माननीय नालसा द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार पैरालीगल वालेन्टियर्स (पराविधिक स्वयं सेवक) की नियुक्ति अस्थायी रूप से अधिकतम एक वर्ष के लिए किया जाना है।

नालसा पैरालीगल वालेन्टियर्स (पुनरीक्षित) योजना अनुसार पीएलव्ही साक्षर तथा यथा संभव दसवीं कक्षा तक पढ़े हुए व्यक्ति को बनाया जावे तथा जो उसके द्वारा प्रदत्त सेवाओं के हेतु आय को प्राथमिकता न देकर समाज के गरीब, कमजोर तथा अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति की सहायता पूर्ण समर्पण तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक हो। योजना अनुसार पैरालीगल वालेन्टियर के रूप में छात्र, एम0एस0डब्ल्यू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, सेवा निवृत्त शासकीय सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, एन0जी0ओ0 के सदस्य, स्व सहायता समूह के सदस्य, सदाचरण वाले लंबी अवधि के बंदी तथा जिन्हें विधिक सेवा संस्थाएं युक्ति–युक्त पाते हैं, को नियुक्त किया जा सकता है। पैरालीगल वालेन्टियर्स हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा में 20, तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा में 20, तहसील विधिक सेवा समिति सिरोंज में 10, तहसील विधिक सेवा समिति कुरवाई में 10 एवं तहसील विधिक सेवा समिति लटेरी में 10 पदों पर पैरालीगल वालेन्टियर्स की नियुक्ति हेतु पद निर्धारित किया गया है। पैरालीगल वालेन्टियर्स की नियुक्ति पश्चात उन्हें प्रति कार्य दिवस का मानदेय 750/– रूपये (माह में अधिकतम 10 दिवस) नियमानुसार भुगतान किया जा सकता है।

जिला मुख्यालय विदिशा पर पैरालीगल वालेन्टियर्स की नियुक्ति हेतु इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन पत्र दिनांक 15.10.2025 को शाम 05:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर0 सेन्टर विदिशा के कार्यालय में स्वीकार किए जावेंगे।

तहसील स्तर पर नियुक्ति हेतु इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन पत्र दिनांक 15.10.2025 शाम 05:00 बजे तक तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर गंजबासौदा, सिरोंज, लटेरी, कुरवाई के कार्यालय में स्वीकार किए जावेंगे।

माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार

संलग्नः– आवेदन का प्रारूप।

हेतु- व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा

PLV

Scanned with OKEN Scanner

नवीन पासपोर्ट साईज
स्वयं का फोटोग्राफ
चिपकाए

# आवेदन पत्र

प्रति,

श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला न्यायालय परिसर विदिशा (म.प्र.)

विषयः– पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र ।

महोदय,

सादर निवेदन है कि प्रार्थी/प्रार्थीया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं लोगों को कानूनी रूप से जागरूक किये जाने हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स योजना से जुडकर पैरालीगल वालेंटियर्स (पराविधिक स्वयं सेवक) बनना चाहता/चाहती हूं तथा मैं विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वैच्छया अपना समय, योगदान एवं सेवा करने के लिए सहमत हूं । मेरी व्यक्तिगत जानकारी इस प्रकार है :–

| स.क. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 01 | पूरा नाम | |
| 02 | पिता/पति का नाम | |
| 03 | दिनांक 01.10.2025 को आयु | |
| 04 | जाति | |
| 05 | जन्म तिथि | |
| 07 | व्यवसाय | |
| 08 | शैक्षणिक योग्यता का पूरा विवरण अंकसूची सहित | |
| 09 | सामाजिक कार्य का अनुभव (यदि हो तो) | |
| 10 | विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य (यदि हो तो) | |
| 11 | पत्राचार का पूरा पता, पिनकोड सहित | |
| 12 | मोबाईल नंबर | |

PLV



Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 13 | वाटसएप मोबाईल नम्बर | |
| 14 | मेल आई.डी. | |
| 15 | तहसील विदिशा के क्षेत्राधिकार अंतर्गत मुख्यालय विदिशा अथवा ग्राम स्तर पर कार्य करने की इच्छा या प्राथमिकता का स्थान | |

यह कि मैं जानता/जानती हूं, पैरालीगल वालेंटियर्स का कार्य पूर्णतः सेवाकार्य है, नौकरी नहीं है। मैं स्व–घोषित करता/करती हूं कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध ना तो कोई दोष सिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य एवं विश्वसनीय है।

संलग्नः–

01–शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र।

02–आधार/मतदाता परिचय पत्र।

03–सामाजिक कार्य अनुभव का प्रमाणपत्र।

04–विशिष्ट उपलब्धि व कार्य से संबंधित प्रमाणपत्र।

05–अन्य प्रमाणपत्र।

प्रार्थी/प्रार्थीया का नाम, हस्ताक्षर दिनांक सहित



Scanned with OKEN Scanner

नवीन पासपोर्ट साईज स्वयं का फोटोग्राफ चिपकाए

# आवेदन पत्र

प्रति,

श्रीमान अध्यक्ष महोदय,
तहसील विधिक सेवा समिति
न्यायालय परिसर..............................................
जिला विदिशा (म.प्र.)

विषयः– पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र ।

महोदय,

सादर निवेदन है कि प्रार्थी/प्रार्थीया तहसील विधिक सेवा समिति.......................................... द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं लोगों को कानूनी रूप से जागरूक किये जाने हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स योजना से जुडकर पैरालीगल वालेंटियर्स (पराविधिक स्वयं सेवक) बनना चाहता/चाहती हूं तथा मैं विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वैच्छया अपना समय, योगदान एवं सेवा करने के लिए सहमत हूं । मेरी व्यक्तिगत जानकारी इस प्रकार है :–

| स.क. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 01 | पूरा नाम | |
| 02 | पिता/पति का नाम | |
| 03 | दिनांक 01.10.2025 को आयु | |
| 04 | जाति | |
| 05 | जन्म तिथि | |
| 07 | व्यवसाय | |
| 08 | शैक्षणिक योग्यता का पूरा विवरण अंकसूची सहित | |
| 09 | सामाजिक कार्य का अनुभव (यदि हो तो) | |
| 10 | विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य (यदि हो तो) | |
| 11 | पत्राचार का पूरा पता, पिनकोड सहित | |

PLV



Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 12 | मोबाईल नंबर | |
| 13 | वाटसएप मोबाईल नम्बर | |
| 14 | मेल आई.डी. | |
| 15 | तहसील विदिशा के क्षेत्राधिकार अंतर्गत मुख्यालय विदिशा अथवा ग्राम स्तर पर कार्य करने की इच्छा या प्राथमिकता का स्थान | |

यह कि मैं जानता/जानती हूं, पैरालीगल वालेंटियर्स का कार्य पूर्णतः सेवाकार्य है, नौकरी नहीं है। मैं स्व–घोषित करता/करती हूं कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध ना तो कोई दोष सिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य एवं विश्वसनीय है।

संलग्नः–

01–शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र

02–आधार/मतदाता परिचय पत्र।

03–सामाजिक कार्य अनुभव का प्रमाणपत्र।

04–विशिष्ट उपलब्धि व कार्य से संबंधित प्रमाणपत्र।

05–अन्य प्रमाणपत्र।

06–एक अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स।

प्रार्थी/प्रार्थीया का नाम, हस्ताक्षर दिनांक सहित



Scanned with OKEN Scanner